लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

उपराष्ट्रपति, लोकसभा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्रियों ने भारत की संसद के प्रथम बैठकों के 68वें वर्ष के अवसर पर संसद के केंद्रीय कक्ष और चैम्बर्स का दौरा किया

नई दिल्ली, 13 मई, 2020 : भारत की संसद के प्रथम बैठकों के 68वें वर्ष के अवसर पर उपराष्ट्रपति श्री एम वेंकैया नायडू; लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला; केन्द्रीय संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्री श्री प्रहलाद जोशी; संसदीय कार्य, भारी उद्योग और सार्वजनिक उपक्रम के राज्य मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल तथा विदेश और संसदीय कार्य के राज्य मंत्री श्री वी मुरलीधरन ने आज लोकसभा और राज्यसभा के चैम्बर्स और ऐतिहासिक सेंट्रल हॉल का दौरा किया।

श्री नायडू और श्री बिरला ने इस अवसर पर दोनों सदनों की प्रथम बैठकों के विभिन्न स्मृतियों और अनुभवों के बारे में चर्चा की ।

इससे पहले लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने इस अवसर पर देशवासियों को बधाई दी और कहा कि आज का दिन भारत के लोकतन्त्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण है । श्री बिरला ने कहा कि स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद पहली बार 13 मई, 1952 को संसद की दोनों सभाओं अर्थात लोक सभा और राज्य सभा की बैठक हुई थी ।

श्री बिरला ने इस बात का उल्लेख किया कि भारत में प्राचीन काल से ही मजबूत लोकतान्त्रिक परम्पराएँ रही हैं और हमारी लोकतान्त्रिक संस्थाओं ने राष्ट्र निर्माण में बहुत योगदान किया है । उन्होने यह भी कहा कि हमारी संसद संविधान के उच्च आदर्शों, सहभागितापूर्ण लोकतन्त्र, सामाजिक न्याय और देशवासियों को उनके उचित आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक अधिकार दिलाने के लक्ष्य प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

लोक सभा अध्यक्ष ने यह भी कहा कि यह बहुत गर्व की बात है कि पिछले सात दशकों में हमने अनेक बाधाओं का सामना किया है और अपने संविधान तथा लोकतान्त्रिक शासन प्रणाली का सफलतापूर्वक संरक्षण करते हुए इसे और मजबूत बनाया है । इस बात का उल्लेख करते हुए कि पहले भी हमारे देश जब भी किसी चुनौती का सामना करना पड़ा है, तो हमारे इस महान देश के लोग ने मिलकर इसका सामना किया है, श्री बिरला ने यह आशा व्यक्त की कि हमारे देशवासियों के संयुक्त प्रयासों से हम कोविड-19 महामारी पर काबू पाने में भी सफल होंगे ।

VICE PRESIDENT, LOK SABHA SPEAKER AND UNION MINISTERS VISIT CENTRAL HALL AND CHAMBERS OF PARLIAMENT ON 68TH YEARS OF FIRST SITTINGS OF PARLIAMENT OF INDIA

New Delhi, 13 May 2020: On the occasion of 68th year of the first sittings of Parliament of India, Vice President Shri M. Venkaiah Naidu; Lok Sabha Speaker Shri Om Birla; Union Minister for Parliamentary Affairs, Coal and Mines Shri Prahlad Joshi; Minister of State for Parliamentary Affairs, Heavy Industries and Public Enterprises Shri Arjun Ram Meghwal and Minister of State for External Affairs and Parliamentary Affairs Shri V. Muraleedharan

today visited the historic Central Hall of Parliament House and Chambers of Lok Sabha & Rajya Sabha.

On the occasion, Shri Naidu and Shri Birla discussed about various memories and experiences of the First Sittings of the two Houses.

Earlier, Lok Sabha Speaker Shri Om Birla congratulated the people on this occasion and observed that today is a momentous day for Indian democracy. Shri Birla said that it was on 13 May 1952, that both Houses of Parliament - Lok Sabha and Rajya Sabha, held their first sittings after Independence.

Shri Birla underlined the fact that democratic traditions in India have strong roots since ancient times and as such, its democratic institutions have contributed immensely in the task of nation-building. He further said that our Parliament has been playing a pivotal role in realizing the cherished ideals of the Constitution, participatory democracy, social justice and ensuring that citizens get their rightful economic, social, political and cultural rights.

Lok Sabha Speaker also observed that it is a matter of great pride that during the past seven decades, we have surmounted innumerable obstacles and have successfully safeguarded and consolidated our Constitution and the democratic principles of governance. Noting that whenever any challenge has confronted our country in the past, people of our great nation have collectively come together to face it, Shri Birla expressed the hope that with the united efforts of our countrymen, we will be successful in overcoming the COVID-19 epidemic too.